

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

जीवन में कभी भी संघर्ष से डरना नहीं चाहिए, क्योंकि संघर्ष ही जीवन का सार है, इसके बिना कोई भी सफलता संभव नहीं है।

शुक्रवार 8 मई 2026 वर्ष 02 अंक 121 पृष्ठ 4 | www.keshavtv24.com | Email:keshavtvbihar@gmail.com


# सम्राट कैबिनेट का विस्तार – 32 मंत्रियों ने ली शपथ, निशांत कुमार को स्वास्थ्य विभाग, श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना।** बिहार में नई सरकार के गठन के 22 दिन बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। पटना के गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में कुल 32 मंत्रियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इनमें भाजपा के 15, जदयू के 13, लोजपा (रामविलास) के 2, हम के 1 तथा आरएलएम के 1 मंत्री शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही विभागों का बंटवारा भी कर दिया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह, सामान्य प्रशासन, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन एवं सिविल विमानन समेत छह विभाग अपने पास रखे हैं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निशांत कुमार पहली बार मंत्री बने हैं और फिलहाल वे किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार उन्हें छह महीने के भीतर विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना होगा। डिप्टी सीएम बिजेंद्र प्रसाद यादव को वित्त एवं वाणिज्य कर विभाग दिया गया है, जबकि दूसरे डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी जल संसाधन एवं संसदीय कार्य विभाग संभालेंगे। पूर्व डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा को कृषि मंत्रालय सौंपा गया है। शिक्षा विभाग पहली बार भाजपा के हिस्से में गया है और इसकी जिम्मेदारी मिथिलेश तिवारी को दी गई है। श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क, दिलीप जायसवाल को राजस्व एवं भूमि सुधार, लेसी सिंह को भवन निर्माण, रामकृपाल यादव को सहकारिता तथा नीतीश मिश्रा को नगर विकास एवं आवास और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग सौंपा गया है। वहीं दामोदर रावत को परिवहन, संजय सिंह टाइगर को उच्च शिक्षा एवं विधि, अशोक चौधरी को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा भगवान कुशवाहा को योजना एवं विकास विभाग की




जिम्मेदारी मिली है। अरुण शंकर प्रसाद को श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, मदन सहनी को मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन, संतोष कुमार सुमन को लघु जल संसाधन, रमा निषाद को पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा रत्नेश सादा को आपदा प्रबंधन विभाग सौंपा गया है। इसके अलावा कुमार शैलेन्द्र को पथ निर्माण, शीला कुमारी को विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा, केदार प्रसाद गुप्ता को पर्यटन तथा लखेंद्र कुमार रौशन को अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। सुनील कुमार को ग्रामीण कार्य, श्रेयसी सिंह को उद्योग एवं खेल, जमा खान को अल्पसंख्यक कल्याण तथा नंदकिशोर राम को डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग मिला है। वहीं शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल को ऊर्जा, प्रमोद कुमार को खान एवं भूतत्व तथा कला संस्कृति, श्वेता गुप्ता को समाज कल्याण, रामचंद्र प्रसाद को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, संजय कुमार सिंह को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण तथा संजय कुमार को गन्ना उद्योग विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। दीपक प्रकाश को पंचायती राज विभाग सौंपा गया है। शपथ ग्रहण के साथ ही सम्राट कैबिनेट में मंत्रियों की कुल संख्या 34 हो गई है। निशांत कुमार, मिथिलेश तिवारी, श्वेता गुप्ता समेत आठ नेता पहली बार मंत्री बने हैं। कार्यक्रम करीब 25 मिनट तक चला, जिसमें एक साथ पांच–पांच विधायकों ने शपथ ली। पहले चरण में निशांत कुमार, श्रवण कुमार, विजय सिन्हा, लेसी सिंह और दिलीप जायसवाल ने शपथ ग्रहण किया। समारोह के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच पर नीतीश कुमार से मुलाकात की और दोनों नेताओं के बीच आत्मीय बातचीत हुई। इधर, दो बार बिहार के स्वास्थ्य मंत्री रह चुके मंगल पांडेय को इस बार मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार उन्हें भाजपा संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। चर्चा है कि उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय महासचिव बनाया जा सकता है तथा आगामी उत्तर प्रदेश चुनाव में भी अहम जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।




# निशांत कुमार बने मंत्री, बिहार की राजनीति में नई पीढ़ी की एंट्री, सम्राट चौधरी कैबिनेट में मंत्री बने

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना।** बिहार की राजनीति में शुक्रवार को एक नया और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया, जब पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। पटना के गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में राज्यपाल ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान जेडीयू नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ मौजूद रही। राजनी. तिक गलियारों में हाल ही में सक्रिय हुए निशांत कुमार का इतनी जल्दी सरकार के मुख्य ढांचे में शामिल होना बिहार की रा. जनीति में बड़े बदलाव का संकेत माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि जेडीयू अब नेतृत्व की नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ा चुकी है। गा. ैरतलब है कि निशांत कुमार वर्तमान में बिहार विधानमंडल के किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। वे न तो विधानसभा के सदस्य हैं और न ही विधान परिषद के। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार उन्हें मंत्री पद पर बने रहने के लिए अगले छह महीने के भीतर किसी एक सदन की सदस्यता हासिल करनी होगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पार्टी उन्हें जल्द ही विधान परिषद के माध्यम से सदन में भेज सकती है।निशांत कुमार ने इसी वर्ष 8 मार्च को जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की प्राथमिक सदस्यता लेकर सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया था। अब तक सार्वजनिक जीवन से दूर रहने वाले निशांत ने राजनीति में आने के बाद कहा था कि वे अपने पिता नीतीश कुमार के विकास कार्यों और विचारों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से राजनीति में आए हैं। सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके 45 वर्षीय निशांत कुमार अपनी सादगी और आध्यात्मिक जीवनशैली के लिए भी जाने जाते हैं। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद समर्थकों में खासा उत्साह देखा गया। गांधी मैदान के बाहर जेडीयू कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि निशांत कुमार की सक्रिय राजनीति और मंत्री पद तक पहुंच जेडीयू के भविष्य की रा. जनीति में नई दिशा तय कर सकती है। इसे पार्टी के भीतर नेतृत्व परिवर्तन और नई पीढ़ी को तैयार करने की रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है।

# अंडर–18 भारत–ऑस्ट्रेलिया हॉकी सीरीज के लिए बिहार के सावन कुमार का भारतीय टीम में चयन, राज्य में खुशी की लहर

## 15 से 20 मई तक भोपाल, मध्यप्रदेश में आयोजित हो रही है अंडर 18 भारत–ऑस्ट्रेलिया हॉकी सीरीज

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना।** बिहार के लिए गौरव और खुशी की बात है कि राज्य के होनहार हॉकी खिलाड़ी सावन कुमार का चयन भारतीय हॉकी टीम में किया गया है। सावन कुमार आगामी 15 से 20 मई तक भोपाल, मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाली अंडर–18 भारत–ऑस्ट्रेलिया हॉकी सीरीज में भारतीय टीम की ओर से हिस्सा लेंगे। उनके चयन से बिहार के खेल जगत में खुशी का माहौल है और खिलाड़ियों के बीच उत्साह देखा जा रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग पटना द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि सावन कुमार भारतीय टीम में गोलकीपर की भूमिका निभाएंगे। कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना सावन की मेहनत, प्रतिभा और लगातार किए गए अभ्यास का परिणाम माना जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने कहा कि राष्ट्रीय खेल हॉकी में बिहार के खिलाड़ी का भारतीय टीम में चयन होना पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सावन कुमार ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है, जो राज्य के अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण लगातार राज्य के



खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और राष्ट्रीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। इसका परिणाम अब दिखाई देने लगा है और बिहार के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। खेल प्राधिकरण के अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि सावन कुमार इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर देश और बिहार का नाम रोशन करेंगे। वहीं उनके चयन की खबर मिलते ही परिवार, कोच, साथी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। कई खेल संगठनों और स्थानीय लोगों ने भी सावन कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आयोजित होने वाली यह अंडर–18 हॉकी सीरीज युवा खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच मानी जाती है। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भविष्य में राष्ट्रीय सीनियर टीम में भी अवसर मिलने की संभावना रहती है।

# इसलामपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हत्याकांड और हत्या के प्रयास के दो नामजद आरोपी गिरफ्तार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इसलामपुर (नालंदा)।** इसलामपुर थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग–अलग मामलों के नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के अलग–अलग गांवों में छा. पेमारी कर हत्याकांड के एक आरोपी तथा हत्या के प्रयास मामले के एक अन्य आरोपी को दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इसलामपुर थाना क्षेत्र के अमनावां गांव में छापेमारी कर हत्याकांड के नामजद आरोपी अरुण कुमार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी लंबे समय से पुलिस की नजर में था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी ओर शेखली गांव में छापेमारी कर हत्या के प्रयास मामले के नामजद आरोपी डॉ. सत्यप्रिय को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से मामला दर्ज था और वह फरार चल रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया।दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद इसलामपुर थाना लाया गया, जहां पूछताछ और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में हिलसा जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अपराधियों और फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस पूरी तरह सक्रिय है। पुलिस ने यह भी कहा कि किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और अपराध में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।




# श्रवण कुमार और निशांत को मंत्री बनाए जाने पर दी बधाई




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** जद(यू) विधायक दल के नेता श्रवण कुमार और पूर्व मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को मंत्री बनाए जाने पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। पार्टी के प्रदेश महासचिव सह हरनौत विधान सभा क्षेत्र से राज्य परिषद सदस्य संजय कांत सिन्हा ने बधाई संदेश में कहा है कि नीतीश कुमार के बेहद करीबी माने जाने वाले श्रवण कुमार की भूमिका पार्टी में संकट मोचन की तरह रही है। फिर से उन्हें मंत्री बनाया जाना उनके बढ़ते कद और अटूट भरोसे का प्रतीक है। श्रवण कुमार 1994 में समता पार्टी के गठन के समय से ही नीतीश कुमार के साथ हैं। कहा कि ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में उन्होंने नालंदा सहित पूरे बिहार में जमीनी स्तर पर कार्य किया है। वहीं, निशांत कुमार भी पिता की तरह ही बेदाग छवि के नेता हैं। इन्हें मंत्री बनाए जाने से पार्टी मजबूत होगी। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को मंत्री बनाए जाने पर उनके पैतृक गांव कल्याण बीघा में खुशी का माहौल दिखा जा रहा है। हरनौत प्रखंड क्षेत्र के कोलाबा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि सह युवा जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव इंजीनियर रवि शंकर ने हर्ष जताते हुए कहा कि बिहार की राजनीति में 7 मई 2026 का दिन एक ऐतिहासिक बदलाव लेकर आया है, जब पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे और जेडीयू (श्रक्) नेता निशांत कुमार ने सम्राट चौधरी कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली। इस घोषणा के बाद से ही पटना के गांधी मैदान और पूरे बिहार में जेडीयू कार्यकर्ताओं व समर्थकों में जबरदस्त उत्साह और जश्न का माहौल है।कार्यकर्ताओं में उल्लास के मुख्य कारण राजनीतिक पारी का जोरदार आगाज हुआ है। सक्रिय राजनीति में मार्च 2026 में कदम रखने के कुछ ही हफ्तों के भीतर निशांत कुमार का मंत्री बनना समर्थकों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि निशांत कुमार के मंत्री बनने को पार्टी में एक श्जनरेशनल शिफ्टश (पीढ़ीगत बदलाव) और नए नेतृत्व के संकेत के रूप में देख रहे हैं। हाल ही में चंपारण से शुरू की गई उनकी श्सदभाव यात्राश ने कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई, जिससे उनके प्रति विश्वास बढ़ा है।समर्थकों को उम्मीद है कि निशांत कुमार अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाएंगे और बिहार के विकास में अहम योगदान देंगे। निशांत कुमार को मंत्री को मंत्री बनने पर जदयू जिला अध्यक्ष मोहम्मद अरशद,जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, जदयू कार्यकर्ता कक्कू सिंह, अवधेश सिंह, रोहित सिंह, कुशेश्वर सिंह, रोशन कुमार, रवि शंकर कुमार सिंह, चंद्रोदय कुमार उर्फ मुन्ना, रणजीत, राम प्रवेश , शैलेंद्र लक्ष्मण , समेत दर्जन कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है।



# विद्यालय परिसर में मिट्टी ढुलाई से पढ़ाई बाधित पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को लगाई फटकार

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट कतरीसराय (नालंदा)।** शिक्षा विभाग, पटना के निर्देशानुसार विद्यालय संचालन के दौरान परिसर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक के बावजूद टेकनारायण प्लस टू विद्यालय, बादी में नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही थी। विद्यालय परिसर से होकर लगातार ईंट भट्ठे के लिए मिट्टी की ढुलाई की जा रही थी, जिससे परिसर में धूल का गुबार फैल रहा था और ट्रैक्टरों के शोरगुल से छात्रों की पढ़ाई प्रभ‍ावित हो रही थी। मामले की जानकारी विद्यालय के ही एक छात्र ने मोबाइल फोन के माध्यम से स्थानीय थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल विद्यालय पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर से मिट्टी लदे ट्रैक्टरों का आवागमन पाया गया। इस पर थानाध्यक्ष ने ट्रैक्टर चालक को कड़ी फटकार लगाते हुए विद्यालय संचालन के समय परिसर में वाहन नहीं लाने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दोबारा ऐसी शिकायत मिलने पर ट्रैक्टर जब्त कर चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया जाएगा। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से विद्यालय प्रशासन, शिक्षक एवं छात्रों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय परिसर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए, ताकि बच्चों की पढ़ाई शांतिपूर्ण वातावरण में हो सके। वहीं लोगों ने प्रशासन से शिक्षा विभाग के निर्देशों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है।

# मलमास मेला 2026 की तैयारियों को लेकर प्रशासन की बड़ी बैठक, सुरक्षा और सुविधाओं पर विशेष जोर



**केशववाणी संजीव कुमार बिट्टू की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** आगामी मलमास मेला 2026 के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर गुरुवार को आरआईस.ीसी राजगीर में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुंदन कुमार तथा भारत सोनी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में धर्मशाला संचालक, होटल मालिक, टांगा संघ के सदस्य, वार्ड पार्षद, बैंक प्रतिनिधि, फुटपाथ दुकानदार, ई–रिक्शा चालक समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और अन्य स्टेक होल्डर्स मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि मलमास मेला 2026 का आयोजन 17 मई से 15 जून तक राजगीर में किया जाएगा। इस दौरान देश–विदेश से लाखों श्रद्धालु राजगीर पहुंचेंगे और पवित्र ब्रह्मकुंड में स्नान कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेंगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा बैठक के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं आधारभूत व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने सभी संबंधित विभागों एवं स्टेक होल्डर्स को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था, विधि–व्यवस्था, साफ–सफाई, लाइटिंग, पेयजल, शौचालय, आवासन, यातायात, पार्किंग एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मलमास मेला में भीड़ प्रबंधन सबसे बड़ी चुनौती है। सड़क किनारे अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दुक.ानदारों को रेड लाइनिंग के अंदर ही दुकान लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही भारत सरकार एवं बिहार सरकार के एसडीएमए गा.इडलाइन का पालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने होटल संच.ालकों को निर्देश दिया कि वे अधिक से अधिक सीएनजी गैस कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराएं तथा मेला क्षेत्र के सभी हो.टलों को आकर्षक लाइटिंग से सजाएं। वहीं नगर पार्षदों द्वारा रेलवे ओवरब्रिज के ऊपर एवं नीचे लाइटिंग और पेट्रोलिंग की व्यवस्था की मांग उठाई गई। टांगा संचालकों ने टांगा स्टैंड पर छांव एवं पेयजल की व्यवस्था की मांग रखी। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही ई–रिक्शा के लिए कलर कोडिंग व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया, ताकि यातायात जाम की समस्या को नियंत्रित किया जा सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि तांगा एवं ई–रिक्शा का रेट लिस्ट सार्वजनिक रूप से लगाया जाए, ताकि श्रद्धालुओं एवं यात्रियों से अधिक किराया वसूलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन लगातार इस प्रयास में जुटा है कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा खोए हुए व्यक्तियों को आसानी से मिलाया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र के सभी पुल–पुलिया, नाली और सड़कों की मरम्मत समय पर हर हाल में सुनिश्चित की जाए। साथ ही राजगीर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गरिमा बनाए रखने पर भी बल दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि मेले के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, महिला सुरक्षा एवं आपातकालीन सहायता के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जा रही है।



उन्होंने होटल एवं धर्मशाला संचालकों को आगंतुकों का सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में बैंक प्रतिनिधियों को अस्थायी बैंकिंग एवं मोबाइल एटीएम सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही पूरे मेला क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। नगर निकाय को साफ–सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा परिवहन से जुड़े लोगों को श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों को लगातार पेट्रोलिंग करने तथा चोर–उचक्कों एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी फैलाने वालों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों एवं संबंधित संस्थाओं से अपील की कि मलमास मेला 2026 को सफल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को राजगीर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा के अनुरूप बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।






अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120
9931609015

# दो दिनों से लापता युवक का शव नदी से बरामद, हत्या की आशंका से सनसनी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र में दो दिनों से लापता 18 वर्षीय युवक का शव गुरुवार को गांव के समीप गोइठवा नदी से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रामजी चक गांव निवासी स्वर्गीय मुन्नू पासवान के पुत्र अमरेंद्र कुमार के रूप में की गई है। परिजनों ने युवक की बेरहमी से हत्या कर शव को नदी में फेंके जाने की आशंका जताई है। मृतक के भाई रणधीर कुमार ने बताया कि अमरेंद्र मंगलवार की शाम करीब 4:30 बजे घर से घूमने के लिए निकला था। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान गांव के एक दुकानदार ने बताया कि अमरेंद्र कोल्ड ड्रिंक लेकर गांव के पास सड़क किनारे स्थित आम के पेड़ की ओर गया था। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों ने पूरी रात और अगले दिन गांव के हर कोने, खाई और नदी में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। गुरुवार दोपहर कुछ बच्चों ने गोइठवा नदी में शव पड़े होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और कपड़ों, बेल्ट तथा पैर की उंगलियों के आधार पर शव की पहचान अमरेंद्र कुमार के रूप में की। परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या अत्यंत क्रूरता के साथ की गई है। मृतक के भाई ने बताया कि पहचान मिटाने के उद्देश्य से चेहरे को बुरी तरह कुचल दिया गया था। शरीर पर पेट्रोल डालकर जलाने के निशान भी पाए गए हैं। मृतक के दांत टूटे हुए थे और चेहरा इस कदर बिगाड़ दिया गया था कि पहचान करना मुश्किल हो गया था। परिजनों के अनुसार अमरेंद्र अगले वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाला था। वह स्वभाव से काफी सीधा–सादा था और उसकी किसी से कोई पुरानी दुश्मनी या विवाद की जानकारी नहीं है।



घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।घटना की सूचना मिलते ही बिहार थाना अध्यक्ष सम्राट दीपक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट पूर्व में दर्ज कराई गई थी। उन्होंने कहा कि पानी में पड़े रहने के कारण शव काफी हद तक डीकंपोज हो चुका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों और समय की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की तैयारी कर रही है। इधर अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा रही। परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन बना हुआ है।



# जन सुराज के प्रदेश व्यावसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने उपेंद्र कुमार विभूति



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जन सुराज पार्टी ने संगठन के पुनर्गठन एवं कार्यक्रमों को गति देने के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर 11 सदस्यीय व्यावसायिक प्रकोष्ठ का गठन किया है। पार्टी द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रकोष्ठ में एक अध्यक्ष, एक महासचिव तथा नौ उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इन पदाधिकारियों को राज्य, क्षेत्रीय कोर कमेटी एवं जिला कार्यकारिणी के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन विस्तार तथा कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष, जन सुराज पार्टी मनोज कुमार भारती द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में नालंदा निवासी उपेंद्र कुमार विभूति को प्रदेश अध्यक्ष, जबकि पटना महानगर के कमलेश कुमार को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। इसके अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मुंगेर के हिमांशु कुंवर, वैशाली के हरिश्चंद्र गुप्ता, गया के प्रमोद कुमार चौधरी, मुजफ्फरपुर के हर्षवर्धन प्रसाद, दरभंगा के केदार साह, सारण के राजन प्रसाद, कटिहार के प्रभाकर प्रसाद प्रभात, लखीसराय के रणजीत कुमार गुप्ता तथा कैमूर के जैनेंद्र कुमार आर्य को मनोनीत किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत बनाने, व्यावसायिक वर्गों को पार्टी से जोड़ने तथा जनसंपर्क अभियान को तेज करने की अपेक्षा जताई है। जन सुराज पार्टी ने कहा कि नई टीम संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# रास्ता पर जलजमाव होने से लोगों को परेशानी



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नम्बर 28 में किला मैदान के पास राजवंशी मार्केट व पुरातत्व विभाग को जाने वाली रास्ते में पिछले कुछ दिनों से जलजमाव की स्थिति हो गयी है। इस कारण वहां पर रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि बारिश के पानी का निकास नहीं है। इस कारण काफी परेशानी है। लोगों ने बताया कि राजवंशी मार्केट से धर्मशाला रोड को जोड़ने वाली सड़क बनाने का नगर परिषद द्वारा टेंडर भी किया गया है। इसके बाद भी अब तक संवेदक ने कार्य नहीं लगाया है। इस कारण लोगों को फजीहत उठानी पड़ रही है। लोगों ने ऐसे संवेदनहीन लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। लोगों ने कहा कि गंदा पानी जमा हो जाने से पूरा रास्ता कीचड़मय हो गया है। लोगों को अपने दरवाजा तक किसी तरह से जाना पड़ रहा है। वही जलजमाव के कारण वहां पर बच्चे भी गिर पड़ रहे हैं। रास्ता को तुरंत बनाया जाना चाहिए। वहीं मेला भी शुरू होने वाला है। ऐसी स्थिति में तो और भी जरूरी है कि मेला से पहले इसकी मरम्मत की जानी चाहिए। मेला में दूसरे प्रदेशों से लोग यहां पर आते हैं। ऐसे में शहर की ऐसी हालत देखकर उनके मन में शहर के प्रति गलत संदेश जायेगा।

# ट्रेन नंबर 63273, 63274 राजगृह पटना फास्ट मेमो का स्टोपेज एवं रिजर्वेशन काउन्टर खोलने को लेकर नालंदा के सांसद को दिया गया आवेदन

## रेल मंत्री एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी लिखा गया है पत्र

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** बख्तियारपुर से राजगीर रेलखन्ड पर वेना रेलवे स्टेशन काफी पुराना है पूर्व माननीय रेलमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने वेना स्टेशन पर बहुत ही बारीकी से ध्यान देकर वेना स्टेशन पर मालगोदाम देकर काफी गति की ओर वेना स्टेशन को विकास किए जो कि आज भी उनका दिया हुआ मालगोदाम वेना स्टेशन को विकास गति दे रहा है। जिससे आसपास के सभी ग्रामीण जनता आप पर गर्व करते है जनता के प्रति आप ध्यान देकर दुःख को निवारण भी करते है। ग्रामीण जानते का कहना कि वेना स्टेशन पर सुबह एक ही पैसेन्जर ट्रेन है जो कि रूकती है और उसके बाद श्रमजीवी एक्सप्रेस है जो कि वेना स्टेशन पर रुकती है जो कि काफी भाड़ा लगता है और भीड़ भी रहता है जिससे कि लोगो को गाड़ी भी छुट जाती है और अगर लोग चढ़ भी गए तो समय पर डाक्टर के यहा या मजदूरी करने के लिए जाते है तो समय पर काम नहीं होता है क्योकि यह ट्रेन अक्सर 12:00 बजे पटना पहुंचती है जिससे कि बिना काम किए ही पटना से लौटना पड़ता है और निराश होकर हम आ जाते है और उस दिन का सारा समय बेकार चला जाता है वेना स्टेशन में करीब 15छ्ड के रेडियस के लोग यहा पर ट्रेन पकड़ने के लिए आशा लेकर आते है क्योंकि राष्ट्रीय राजमार्ग–20 से काफी सुविधा पड़ता है इसलिए 63273, 63274 राजगीर पटना फास्ट मेमो स्टोपेज दिलाया जाय जिससे कि जनता को सुविधा




मिल सके एवं वेना स्टेशन पर रिजर्वेशन काउन्टर भी खुलवाया जाय क्योंकि काफी संख्या में लोगों को हरनौत या बिहारशरीफ जाना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीण बेना बाजार के धर्मेंद्र कुमार, सुबोध कुमार, भोला कुमार,सुनील कुमार,पप्पू कुमार, मनोज कुमार, रंजीत पासवान, सन्नी कुमार,राजीव कुमार समेत दर्जनों बुद्धिजीवी एवं ग्रामीणों ने कि ट्रेन नंबर 63273, 63274 राजगृह पटना फास्ट मेमो का स्टोपेज एवं रिजर्वेशन काउन्टर खुल जाने से क्षेत्र वासियों को काफी फायदा होगा। लोगों का कहना है कि यहां पर रिजर्वेशन काउंटर नहीं रहने के कारण लोगों को बिहार शरीफ या हरनौत एवं बख्तियारपुर का चक्कर लगाना पड़ता है। खास करके तो तत्काल टिकट बुकिंग करने के लिए लोगों को भारी परेशानी होती है। लोगों ने बताया कि बेना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की ठहराव एवं रिजर्वेशन काउंटर खोलने को लेकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखित आवेदन दिया गया है उसके बावजूद भी अभी तक कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने एक बार फिर से नालंदा के लोकप्रिय सांसद कौशलेंद्र कुमार को लिखित आवेदन देकर ट्रेन की धारा एवं रिजर्वेशन काउंटर खोलने की मांग की है। वहीं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने इसको लेकर जनता को आश्वासन दिए हैं।

# खरुआरा रेलवे हॉल्ट पर ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

**केशववाणी सुनील कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** चेरो ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत खरुआरा रेलवे हॉल्ट पर गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना सुबह करीब 6 बजे की बताई जा रही है, जब ट्रेन पकड़ने जा रही महिला मालगाड़ी की चपेट में आ गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम छा गया। मृतक महिला की पहचान उखड़ा गांव निवासी कृष्ण प्रसाद की 65 वर्षीय पत्नी मीना देवी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतका के पति कृष्ण प्रसाद ने बताया कि गाजीपुर में उनकी भतीज पुतोह का निधन हो गया था। उसी के मातमपुर्सी में शामिल होने के लिए मीना देवी ट्रेन पकड़ने खरुआरा रेलवे हॉल्ट जा रही थीं। इसी दौरान रेलवे पटरी पार करने के क्रम में वह मालगाड़ी की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई।घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को आनन–फानन में इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल पहुंचाया। हालांकि अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। बिहारशरीफ रेल थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मृतका के परिजनों द्वारा आवेदन दिए जाने के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस घटना के बाद गांव और आसपास के इलाके में शोक का माहौल बना हुआ है।






# बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा का भव्य उद्घाटन क्षेत्र के लोगों को मिलेगा बैंकिंग सुविधा का लाभ

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर(नालंदा)।** स्थानीय नगर के पुरानी अस्पताल के समीप बुधवार को बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, जब बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा का उद्घाटन हुआ । उद्घाटन समारोह उत्साह, गरिमा और जनभागीदारी का शानदार उदाहरण बना, जिसमें स्थानीय लोगों, ग्राहकों और बैंक अधिकारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया के बिहार के जनरल मैनेजर एस.बी. साहनी रहे। उनके साथ पटना अंचल के जोनल मैनेजर ओम प्रकाश चौधरी एवं शाखा प्रबंधक आशीष कुमार भी मौजूद थे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नई शाखा का उद्घाटन किया।अपने संबोधन में जनरल मैनेजर एस.बी. साहनी ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि शाखा के खुलने से इस्लामपुर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों को अब बैंकिंग कार्यों के लिए दूर–दराज नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने लोगों से डिजिटल बैंकिंग, ऋण सुविधाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ



उठाने की अपील की।जोनल मैनेजर ओम प्रकाश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि यह शाखा स्थानीय व्यापारियों, किसानों और युवाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ग्राहकों को आधुनिक तकनीक से युक्त बेहतर और तेज सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शाखा प्रबंधक आशीष कुमार ने बताया कि इस शाखा में बचत खाता, चालू खाता, ऋण सुविधा, एटीएम सेवा, मोबाइल व इंटरनेट बैंकिंग सहित सभी आवश्यक बैंकिंग सेवाएं ग्राहकों को उपलब्ध होंगी। उन्होंने आमजन से बैंक से जुड़कर विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया।इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य लोगों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान इस्लामपुर थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बैंकिंग सुविधा के विस्तार को क्षेत्र के लिए सकारात्मक कदम बताया।नई शाखा के शुरू होने से इस्लामपुर में बैंकिंग सेवाएं और अधिक सुलभ, सुरक्षित और प्रभावी हो जाएंगी, जिससे आम लोगों के साथ–साथ व्यापार और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय साहू, रंजय कुमार भारती , धीरेन्द्र कुमार उर्फ फेंकू जी , ज्योतिषी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मलमास मेला 2026 की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट, धर्मगुरुओं के साथ हुई समीक्षा बैठक

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** आगामी मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को आरआईसीसी राजगीर में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुंदन कुमार तथा भारत सोनी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में विभिन्न धार्मिक संप्रदायों के धर्मगुरु, महंथ, साधु–संत, पांडा समाज के प्रतिनिधि एवं कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि मलमास मेला 2026 का आयोजन 17 मई से 15 जून तक राजगीर में किया जाएगा। इस दौरान देश–विदेश सहित विभिन्न राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु राजगीर पहुंचेंगे और ब्रह्मकुंड समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर स्नान एवं पूजा–अर्चना करेंगे। समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न संप्रदायों के धर्मगुरुओं, महंथों एवं पांडा समाज के प्रतिनिधियों ने मेले के दौरान होने वाली संभावित समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा एवं बेहतर व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। बैठक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, विधि–व्यवस्था तथा धार्मिक अनुष्ठानों के सुचारु संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि मलमास मेला नालंदा जिले की सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान का प्रमुख आयोजन है। ऐसे में जिला प्रशासन की प्राथमिकता श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं व्यवस्थित



वातावरण उपलब्ध कराना है।उन्होंने पूजा समितियों, धर्मगुरुओं एवं पांडा समाज से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की, ताकि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने घाटों एवं मंदिर परिसरों में व्यवस्था बनाए रखने तथा अफवाहों से बचने को लेकर भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मलमास मेला के दौरान देश–विदेश एवं विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के कारण राजगीर ही नहीं बल्कि पूरे बिहार की छवि जुड़ी होती है। इसे ध्यान में रखते हुए विधि–व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर विशेष व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने सभी धर्मगुरुओं एवं महात्माओं से ऐतिहासिक विरासत की गरिमा बनाए रखने की अपील की। वहीं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, यातायात नियंत्रण तथा आपातकालीन सहायता व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने पूजा समितियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन एवं पुलिस को दें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मेले के दौरान भीड़ का फायदा उठाने वाले जेबकतरे, चौन स्नेचर, चोर एवं उचक्कों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा चिन्हित अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मलमास मेला 2026 को भव्य, सुरक्षित एवं श्रद्धालु हितैषी बनाने के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# चुलौआ शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, चार लीटर अवैध शराब बरामद

**केशववाणी गुड्डु कुमार की रिपोट कतरीसराय(नालंदा)।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के मायापुर गांव में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मायापुर गांव में अवैध रूप से चुलौआ शराब का निर्माण और बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव में छापेमारी अभियान चलाया। एएसआई धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मायापुर गांव निवासी कमलेश तांती के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर से चार लीटर अवैध चुलौआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से ही आरोपी कमलेश तांती को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के निर्देश पर अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या भंडारण की सूचना मिले तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। क्षेत्र में लगातार हो रही छापेमारी से अवैध शराब कारोबारियों में भय का माहौल बना हुआ है।

# नोनिया पुल के समीप हथियारबंद अपराधियों ने मोबाइल दुकानदार से लूटपाट, विरोध करने पर चाकू मारकर किया घायल

**केशववाणी गुड्डु कुमार की रिपोट सारे(नालंदा)।** नालंदा जिले के सारे थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनिया पुल के समीप बुधवार की शाम हथियारबंद अपराधियों ने लूटपाट की बड़ी घटना को अंजाम दिया। बेखौफ अपराधियों ने एक मोबाइल दुकानदार को पिस्तौल की नोक पर रोककर हजारों रुपये नकद, सोने की चेन और मोबाइल फोन लूट लिया। विरोध करने पर अपराधियों ने दुकानदार पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। घायल दुकानदार की पहचान सारे थाना क्षेत्र के बड़ेपुर गांव निवासी ब्रह्मदेव यादव के पुत्र सुधीर कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि सुधीर कुमार बेनार बाजार में मोबाइल की दुकान चलाते हैं। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए देर रात बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना के संबंध में पीड़ित सुधीर कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम वह अपनी दुकान बंद कर बेनार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नोनिया पुल के पास पहले से घात लगाए बाइक सवार तीन अपराधियों ने उन्हें रोक लिया। अपराधियों ने उन पर पिस्तौल तान दी और जान से मारने की धमकी देते हुए उनसे करीब 80 हजार रुपये नकद, सोने की चेन और मोबाइल फोन छीन लिया।पीड़ित ने बताया कि जब उन्होंने लूटपाट का विरोध किया तो अपराधियों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। हमला करने के बाद अपराधी उन्हें घायल अवस्था में छोड़कर बरबीघा की ओर फरार हो गए। सुधीर कुमार के अनुसार तीन अपराधियों में से एक बाइक स्टार्ट कर खड़ा था, जबकि दो अपराधियों ने लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही सारे थाना पुलिस सक्रिय हो गई और मामले की जांच शुरू कर दी। सारे थाना अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अज्ञात अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि अपराधियों तक पहुंचा जा सके। थाना अध्यक्ष ने बताया कि एक दिन पूर्व भी अज्ञात बाइक सवारों द्वारा पीड़ित को रोकने की बात सामने आई है। इससे आशंका जताई जा रही है कि अपराधी पहले से दुकानदार की रेकी कर रहे थे। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# केवाली मोड़ के समीप ई–रिक्शा पलटा, दो महिलाएं घायल; एक की हालत गंभीर

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर(नालंदा)।** खोदागंज थाना क्षेत्र के केवाली मोड़ के समीप शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में ई–रिक्शा पलट जाने से दो महिलाएं घायल हो गईं। हादसे में एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। घायलों की पहचान अडवांस गांव निवासी मुर्शीद आलम की पत्नी शबीना खातून तथा छबीलापुर निवासी संजय कुमार की पत्नी सुलेखा देवी के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ई–रिक्शा छबीलापुर से खोदागंज की ओर जा रहा था। इसी दौरान केवाली मोड़ के पास एक बाइक चालक अचानक सामने आ गया और चकमा देकर निकलने लगा। बाइक को बचाने के प्रयास में ई–रिक्शा चालक संतुलन खो बैठा, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया।दुर्घटना के तुरंत बाद ई–रिक्शा चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। चालक के फरार होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। वहीं घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायल महिलाओं को तुरंत इलाज के लिए खोदागंज के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायल शबीना खातून की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बेहतर इलाज के लिए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। वहीं दूसरी घायल सुलेखा देवी का इलाज स्थानीय स्तर पर किया गया और उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घायल सुलेखा देवी ने बताया कि वे लोग किसी जरूरी काम से खोदागंज जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में अचानक बाइक सामने आने से ई–रिक्शा पलट गया और यह हादसा हो गया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है।




